खेत में फैले करंट से मजदूर की मौत

पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

शहडोल, देशबन्धु। खेत में लगी चने की फसल को मवेशियों से बचाने के लिए एक किसान ने ऐसा खुराफाती दिमाग लगाया कि उसकी तिकड़म में फंसकर एक व्यक्ति की अकस्मात मौत हो गई। इस व्यक्ति ने इसके बाद मृतक को ठिकाने लगाकर यह समझ लिया था, कि वह पुलिस की नजरों से बच जाएगा। लेकिन पुलिस ने तहकीकात के बाद आखिरकार इस खुराफाती व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। घटना जिले के ब्यौहारी थाने की है।

ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने घटना के संबंध में बताया कि 26 फरवरी को ज्ञानेन्द्र कुमार बैस उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम साखी ने थाना में आकर सूचना दी कि ग्राम खडहुली स्थित उसके खेत मे काम करने के लिये 02 मजदूर शिवप्रसाद कोल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम साखी और उसके रिस्ते का बाबा गेंदलाल कोल निवासी ग्राम साखी रहते थे।

25 फरवरी को रात्रि मे दोनों मजदूरों को खेत मे बने कमरे में छोडकर घर साखी चला गया था, सुबह आकर देखा तो कमरे मे गेंदलाल सोया था किन्तु शिवप्रसाद नही था। गेंदलाल से पूछने पर उसने जानकारी न होना बताया। किंतु जब वह मोटर स्टार्ट करने गैरिज में गया तो वहां शिवप्रसाद कोल मरा हुआ पड़ा था तथा उसके शरीर में कई जगह बिजली का करंट लगा था। उसने यह भी बताया कि कमरे में करंट

लगने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि मोटर का स्टार्टर 05 फीट ऊपर है। सूचना पर थाना ब्यौहारी में धारा 194 बीएनएस मार्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग की जांच के दौरान पुलिस ने मृतक शिवप्रसाद कोल के शव का पीएम सीएचसी. ब्यौहारी से कराया गया।

पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी सुन्दरलाल कहार उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम खडहुली एवं राजकुमार कुशवाहा उम्र 43 वर्ष निवासी झिरिया टोला थाना ब्यौहारी हाल ग्राम खडहुली को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो आरोपी सुन्दर लाल कहार ने बताया कि वह अपने खेत में बोई चने की फसल को जंगली जानवरों से बचाने हेतु 11 हजार वोल्ट की बडी लाईन मे जीआई. तार से खूटी गाडकर करेंट फैलाया था। रात्रि करीबन 02 बजे उसमें फंस कर शिवप्रसाद कोल की मृत्यु हो जाने पर उसने अपने पडोंसी खेत मे काम करने वाले राजकुमार कुशवाहा को फोन कर बुलाया। साक्ष्य छुपाने के आशय से मृतक शिवप्रसाद कोल को दोनों ने उठाकर उसके खेत के गैरिज में रखकर चले गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त जीआई. तार, खूंटी तथा 02 नग मोबाईल फोन जप्त किया है। घटनाक्रम के संबंध में थाना ब्यौहारी में धारा 105, 238(बी) बी.एन.एस. कायम कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया।

इस प्रकरण को सुलझा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान तथा एसडीओपी. ब्यौहारी रवि प्रकाश कोल के दिशा निर्देशन और ब्यौहारी थाना प्रभारी निरीक्षक अरूण पाण्डेय के नेतृत्व में उनि मोहन पडवार, सउनि राजेन्द्र द्विवेदी, गया प्रसाद कन्नौजे, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक त्रिलोक सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह और गंगासागर गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पर्यावरण बचाने पौधरोपण का लिया संकल्प

शहडोल, देशबन्धु। पर्यावरण संरक्षण एवं लोगों में प्लांटेशन के प्रति जागरूकता उद्देश्य से रोटरी चेन्नई डिस्ट्रिक 3233 के द्वारा चेन्नई से नेपाल तक की एक कार रैली के माध्यम से पर्यावरण का संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन की रोकथाम वृक्षारोपण के द्वारा करने के उद्देश्य से आयोजन किया गया है। इस यात्रा के दौरान विभिन्न क्लबों द्वारा प्लांटेशन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी तारतम्य में रोटरी क्लब शहडोल एवं रोटरी क्लब विराट द्वारा संयुक्त रूप से कार रैली की टीम का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही एक मीटिंग का आयोजन किया जिसमें टीम ने फ्लैग एक्सचेंज किया एवं विस्तारपूर्वक अपने अभियान एवं अनुभव से अवगत कराया। पर्यावरण संरक्षण के साथ सभी ने प्रत्येक वर्ष पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष रोटे. संजय शर्मा ने अपने उदबोधन में चेन्नई से आयी महिला रोटेरियन्स रोटे. शिवबाला राजेंद्रन, रोटे सुचित्रा कोथांगी, रोटे. सर्वना सेल्वी जी का

स्वागत किया एवं उनके इस कार्य की प्रशंशा की। इसके साथ 27 फरवरी को ब्राइटन स्कूल में प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं कई फलदार पौधे रोपित किये गए।

कार्यक्रम के पश्चात कार रैली की टीम को अगले गंतव्य के लिए फ्लैग ऑफ़ के साथ विदा किया गया।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब शहडोल के सचिव सतेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष दीपक कुशवाहा, अजय विजरा, राजेश गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, डॉ अनिल उपाध्याय, विजय दुबे, कृष्ण कुमार गुप्ता, मनीष केजरीवाल, संजय कटारे, डॉ अभिषेक गर्ग, डॉ निकिता सोनी, अमित कुमार गुप्ता ,धर्मेंद्र नामदेव, वाजिद अली, दलजीत सिंह अरोड़ा, एस के पांडेय, मृगेंद्र द्विवेदी

रोटरी क्लब विराट के अध्यक्ष रोटे. सुशील खोडियार, दीपक गौतम, नरेश सिंघल, महेंद्र सराफ, देवेंद्र श्रीवास्तव, जितेंद्र शुक्ला एवं महिला सदस्य अर्चना शर्मा, मोनिका दुबे, रिंकी दुबे, रीतू बिजरा, रीनू कटारे मेघा गुप्ता, दशमीत कौर, गीतिका खोडियार, उषा सिंघल, सीमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे

सार-समाचार

राज्यपाल ने किया लोढ़ा गांव में आदिवासी कला केंद्र का उद्घाटन

उमरिया, देशबन्धु। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उमरिया जिले के लोढ़ा गांव में आदिवासी कला केंद्र का लोकार्पण किया। वे हेलीकॉप्टर से उमरिया हवाई पट्टी पहुंचे। हवाई पट्टी पर कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। शहडोल से सांसद हिमाद्री सिंह भी इस अवसर पर लोढ़ा पहुंचीं। राज्यपाल ने कला केंद्र का लोकार्पण करने के बाद कलाकारों से मुलाकात की और उनसे जानकारी ली। इसके बाद वे लोढ़ा स्थित स्कूल पहुंचे। आंगनबाड़ी केंद्र में शिवांगी और कार्तिक यादव का जन्मदिन मनाया और खुद अपने हाथों से दोनों बच्चों का केक कटवाया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने जनमन आवास योजना के लाभार्थियों से भी बातचीत की और लाभ वितरण किया। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने दी।

महाशिवरात्रि पर निकाली शिव बारात

ब्यौहारी, देशबन्धु। ब्यौहारी नगर परिषद के अंतर्गत लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास महाशिवरात्रि के दिन शिव बारात निकाली गई। बारात नगर भ्रमण करते हुए बस स्टैंड स्थित लोढ़ा धार मंदिर पहुंची, जहां पर लड्डू प्रसाद चढ़कर भगवान भोलेनाथ का मिलनी दुर्गा मां से कराते हुए इसके बाद वापसी में मार्तंड़गंज एवं पंचायती मंदिर के बजरंगबली एवं झंडा मंदिर हनुमान जी के मंदिर में शिव पार्वती की मिलनी अन्य देवताओं से कराई गई। बारात में शामिल शिव भक्तों ने बताया महाशिवरात्रि के दिन शिव और पार्वती लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकलते हैं और बस स्टैंड और उसके बाद लौटते समय सभी मंदिरों में पूजा और प्रसाद चढ़ाया जाता है। शिव पार्वती हनुमान महाराज लक्ष्मी नारायण एवं दुर्गा मां से मिलते है, सभी जगह भगवान को मिठाई एवं प्रसाद चढ़ाया जाता है। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का यह त्यौहार भब्य तरीके से मनाया। लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए।

कुलगवां पंचायत भवन से सिद्धनाथ आश्रम तक निकाली बारात

पन्ना, देशबन्धु। जिले के गुनौर तहसील अंतर्गत सलेहा के पास अगस्त मुनी सिद्धनाथ आश्राम स्थित है वही पर भगवान भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर है जो क्षेत्र के लोंगो का आस्था का केन्द्र है प्रत्येंक वर्ष आश्राम में महाशिवरात्री के पर्व पर मेला लगता है तथा अनेक प्रकार के धर्मिक अनुष्थान होते है एंव भगवान भोलेनाथ की बारात निकाल कर गाजे बाजे के साथ विधि विधान से विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है।

पुरुषोत्तमपुर वार्ड में महाशिवरात्रि पर शिवार्चन का कार्यक्रम आयोजित

पन्ना, देशबन्धु। महाशिवरात्रि के अवसर भगवान भोलेनाथ के मंदिरो मे कार्यक्रम संपन्ना हुये जिसमे अखंड राम कीर्तन शिवार्चन हवन पूजन प्रसाद भांडारा आदि इसी कडी में नगर के पुरुषोत्तमपुर वार्ड में उग्रसेन कालेज के पास रहने वाले स्थानीय लोगो द्वारा स्थानीय भोलेनाथ मंदिर मे शिवार्चन कार्यक्रम अयोजित किया गया जिसमे पंडित संजय गोतम द्वारा विधि विधान से धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराया गया तथा स्थानीय लोगो द्वारा हवन पूजन करते हूये सभी को प्रसाद वितराण किया गया इस अवसर पर अनेक लोग उपथित रहे।

ग्राम भटिया के ग्रामीणों ने बचाई चीतल की जान, किया वन विभाग को सुपुर्द

पन्ना, देशबन्धु। गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम भटिया में 26 फरवरी की दरम्यानी रात को एक चीतल विचरण करते हुए ग्राम भटिया में किसान हनीफ खान के खेत में बनी कुआं में गिर गया था जिसे सुबह ग्रामीण असफाक खान उर्फ सद्दाम, इबादत खान उर्फ छिद्दू डॉक्टर हनीफ खान ने देखा कि एक मादा चितल कुएं के अदंर उछल कूद कर रही है असफाक खान उर्फ सद्दाम हुसैन ने इसकी वन विभाग को जानकारी दी डिप्टी रेंजर बालस्वरूप दहायत सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम के साथ ग्राम भटिया पहुंचकर ग्राम वासियों की मदद से जाल में फसाकर बौलिया से सुरक्षित मादा चीतल को बाहर निकाला गिरने से चीतल को मामूली चोटें आ गई थी वनविभाग की टीम ने मौके में पंचनामा बनाकर अपने वाहन में चीतल को रेंज ऑफिस सलेहा ले गए। जहां इलाज करा कर जंगल में छोड़ दिया गया ।

कबाड़ियों का दुस्साहस, फैक्टरी से उड़ाया माल

जंगल में छिपाया था सामान, पांच कबाड़ी गिरफ्तार

शहडोल, देशबन्धु। कबाड़ियों का तांडव जमकर जारी है। अब उनका दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि बंद पड़ी फैक्ट्री से भी सामान चोरी कर ले जा रहे हैं। सोहागपुर पुलिस ने कबाड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किए गए 50 रोलर एवं पिकअप वाहन बरामद किया है। बरामद किए गए मसरूका की कुल कीमत 6 लाख 50 हजार है।

इस संबंध में सोहागपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी प्रकाश सेन निवासी बस स्टैण्ड के पास विवेक नगर थाना कोतवाली ने रिपोर्ट लेख कराया कि मैं डेक्कन क्रोमेट्सलिमिटेड,टूनिट -2 शहडोल मे प्लांट मैनेजर के पद पर कार्यरत हूँ। ग्राम गोरतरा आण्डहाई टोला में यूनिट -2 की फैक्ट्री है जो वर्तमान मे बंद है। जिसे पुनः चालू करने के लिये मशीनरी के पार्टस् रोलर 400 नग, नट बोल्ट, पैनल्स,केबिल, 18 नग राड़ आदि काफी सामान रखा था रखा था जो उक्त समान की सुरक्षा के लिये गार्ड लगा था। प्लांट मैनेजर ने पुलिस को बताया कि 20 फरवरी को फैक्ट्री के गार्ड का फोन आया कि, फैक्ट्री से 250 नग रोलर व 18 नग राड

अज्ञात चोरी हो गया है। इस पर पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया।

लंबित चोरी के प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अब्दुल रहमान अंसारी उर्फ छोटा भइया, दीपक राम बैगा उर्फ सिन्धू, मो. सादिक खान उर्फ पूना, विकास कोल एवं तुलसीदास बैगा लोहे के रोलर को पिकअप में लोड कर ग्राम दूधी के जंगल में डोंगरी में छिपा कर रखे हैं। पुलिस ने पांचों आरोपियों अब्दुल रहमान अंसारी उर्फ छोटा भइया उम्र 23 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती शहडोल, दीपक राम बैगा उर्फ सिन्धू उम्र 20 वर्ष निवासी छिरहटी थाना खैरहा, मो. सादिक खान उर्फ पूना उम्र 32 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती वार्ड नं. 39 शीतला मंदिर के पास शहडोल, विकास कोल उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम अंतरा थाना कोतवाली शहडोल और तुलसीदास बैगा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम अंतरा थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जहाँ से न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि इस प्रकरण में सादिक अंसारी निवासी पुरानी बस्ती शहडोल, उमर अंसारी निवासी पुरानी बस्ती शहडोल, ओमप्रकाश कोल निवासी अंतरा थाना कोतवाली शहडोल और मोहम्मद अहमद निवासी पुरानी बस्ती शहडोल अभी फरार है जिनकी तलाश की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही में सोहागपुर थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्रमणि पाण्डेय, उनि आनन्द कुमार झारिया, सउनि रामनारायण पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह परिहार, मनोज शुक्ला, सुरेन्द्र पटेल, आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, सुनील त्रिपाठी, पवन सिंह और लवकुश शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही।

जिला जेल का न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

उमरिया, देशबन्धु। जिला जेल उमरिया का न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरफराज खां व्दारा निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बंदियों को विधिक साक्षरता की जानकारी दी गई। बंदियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए आयात्मिक ज्ञान तथा ज्ञान पर्व का महत्व बताते हुए बी के निशा बहन, नीलम अग्रवाल, एस एल राय, प्रजापति ब्रम्हातकुमारी संस्था उमरिया व्दाकरा कार्यक्रम आयोजित कर बंदियों को अच्छाप व्यववहार, आचरण रखने की बात कही गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डी के सारस, जेलर, उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को, ड्यूटीरत प्रहरी तथा जेल में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेत से लोड हाइवा ने मिनी ट्रक को मारी टक्कर, चालक घायल

ब्यौहारी, देशबन्धु। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम हिडवाह पुलिया के पास जबलपुर जा रहे मिनी ट्रांसपोर्ट वाहन इंट्रा को हाईवा ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन 15 फीट ऊंची पुलिया से नीचे गिर गया। मिनी ट्रांसपोर्ट वाहन ब्यौहारी से जबलपुर जा रहा था, जबकि हाईवे रेत लोड करके पौंडी से ब्यौहारी और आ रहा था। घटना के बाद रेत हाईवा मौके से फरार हो गया। घटना पांच बजे की बताई जा रही है। हादसा ब्यौहारी से मानपुर मार्ग में हिडवाह के पास हुआ। हादसे में घायल मिनी ट्रक ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम लोढ़ा में सरकार की योजनाओं का ग्रामीणों को दिया जा रहा लाभ

उमरिया, देशबन्ध। उमरिया- जिले के करकेली विकास खंड अंतर्गत ग्राम लोढ़ा में शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ ग्रामीण जनों को उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम लोढा की कुल जनसंख्या 5250 है। ग्राम पंचायत में कुल वार्डो की संख्या 20 है। ग्राम पंचायत का क्षेत्रफल 1469.49 है। ग्राम पंचायत के बैगा परिवारों की संख्या 1830 है। समग्र परिवारों की संख्या 1250 है। बीपीएल परिवारों की संख्या 502 है। एएवाय कार्ड धारक परिवारों की संख्या 285 है । प्राथमिक विद्यालय की संख्या 1, हायर सेकेण्डरी स्कूल की संख्या 1 है।

साक्षरता का प्रतिशत 95.2 है जिसमें महिलाओं का प्रतिशत 94.6 तथा पुरूषों का 95.8 है । उप स्वा0 केंद्र की संख्या 1 तथा प्राथमिक स्वा0 केंद्र की संख्या 1 तथा महिला स्वा सहायता समूह की संख्या 40 है । ग्राम लोढ़ा में जन जातीय कार्य विभाग व्दारा विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को प्रदाय किया जा रहा है जिसमें आहार अनुदान प्राप्त महिला मुखिया की संख्या 321, विद्युत कनेक्शन जनमन की संख्या 198, हर घर नल

से जल की संख्या 198, बैगा परिवार हेतु पक्का आवास जन मन की संख्या 198 तथा जाति प्रमाण पत्र जन मन की संख्या, 1687 है। महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 292 हितग्राहियों को, लाडली लक्ष्मी योजना के 292 हितग्राहियों को, लाडली बहना योजना के 724 हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है । जिला आपूर्ति विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के 148 हितग्राहियों को, जाति प्रमाण पत्र से प्राप्त राशन 92 हितग्राहियों को, राशन प्राप्त कर रहे 1086 हितग्राहियों को, ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के 446 हितग्राहियों को, प्रधानमंत्री जन मन आवास के 198 हितग्राहियों को, मनरेगा योजना से चल रहे कार्य में 52 हितग्राहियों को, 15वां एवं 5वे वित्त से चल रहे कार्य में 6 हितग्राहियों को तथा कपिलधारा योजना से 86 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है ।

लोक स्वा0 यांत्रिकीय विभाग अंतर्गत 33 हैंडपंप है। जल निगम अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत करनपुरा 1 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत 824 घरों में कनेक्शन किए गए है । श्रम विभाग अंतर्गत संबल योजना से 797 पंजीयन, कर्मकार पंजीयन 403, अनुग्रह सहायता से लाभांवित हितग्राहियों की संख्या 12 है । स्वा0 विभाग अंतर्गत आयुष्मान भारत कार्ड की संख्या 2612, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन मन की संख्या 1436, आयुष्मान कार्ड 70 प्लस की संख्या 152, से सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत लक्ष्य 28 हजार के विरूध्द 3570 उपलब्धि , सिकल सेल पाजीटिव 4, सिकलसेल कैरियर की संख्या 26 है । सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग व्दारा 367 हितग्राहियों को पेंशन का लाभ प्रदाय किया जा रहा है ।

पाली में परीक्षाओं के बीच छात्रावास मैदान में गूंज रही शहनाई, प्रशासन बेखबर

बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु। उमरिया जिले के पाली तहसील में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों को वरिष्ठ ओहदे वर अधिकारियों और मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशो की रत्ती भर परवाह नहीं है ,तभी तो मुख्यमंत्री के सख्ती भरे आदेशों का कही भी पालन नहीं किया जा रहा है । सर्व विदित है कि मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री की आंसदी सम्हालते ही डां मोहन यादव ने दो सख्ती भरे लहजे में आदेश प्रसारित किए थे,कि पहला आदेश कोलाहल को शांतिपूर्ण माहौल में ढलने के और दुसरा खुले में बिक रहे मांस, अण्डे पर प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन पाली तहसील में उक्त आदेशों की धज्जियां उडा कर रख दी गई है । कोलाहल में रोक लगाने की बजाय स्कूलों और छात्रावासो में शादी विवाह की शहनाई गूंज रही है और जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों की इंतिहा कर कुंभकर्णी नींद में सो गये है । मालूम होवे कि पाली नगर में स्थित हायर सेकेण्डरी विद्यालयो के कन्या एवं बालक छात्रावास के मध्य मैदान में आये दिन रसूखदार के घरों की शहनाई गूंजती रहती है , और इसकी अनुमति प्रदान करने की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पास सुरक्षित हैं , फिर भी आये दिन गूंजती शहनाई से छात्र - छात्राओ के जीवन पर और अध्ययन अध्यापन पर कितना जोखिम पड़ेगा ,इस सबसे अनजान बने अनुविभागीय अधिकारी सामने वाले का मोल समझकर अनुमति प्रदान कर देते हैं । शर्मनाक कहा जाये कि अनुविभागीय अधिकारी को इतनी भी समझ नहीं है कि परीक्षाओं के इस दौर में तो कानून का रत्ती भर पालन कर सकते,तो बेहतर होता ।

उल्लेखनीय है कि मप्र शासन के द्वारा स्कूल भवनों और स्कूल - छात्रावास मैदान में शादी समारोह आयोजित किए जाने पर पहले से ही रोक लगा रखी है,साथ ही रात दस बजे के बाद लाउड स्पीकर,डी जे पर पूर्णत प्रतिबंध के बाबजूद रात भर शोर मचाये जाने के बाबजूद इस तरफ कोई ध्यान देने वाला दिखाई नहीं देता ।इन सबके बीच भी ज़िम्मेदार अधिकारियों को समझाना कठिन दिखाई दे रहा है । जिले के कलेक्टर महोदय से जनापेक्षा है कि आखिर कार छात्रावास मैदान में गूंज रही शहनाई पर कब रोक लग पाएगी।

ब्रह्माकुमारीज दिव्य प्रकाश भवन में धूमधाम से मनाई शिव जयंती

शहडोल, देशबन्धु। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 89वी त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सेवा केंद्र संचालिका रीता दीदी ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी तथा आए हुए सभी बीके सदस्य को परमात्मा से निरंतर अपने मन को लगाने से मनजीत जगजीत सहज बनने तथा शिवरात्रि का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि कि शिव पर सिर्फ अक, धतूरा, भांग, नहीं चढावे, बल्कि अपने अंदर के विषय विकार बुराइयों,को शिव पर अर्पण करें।

उन्होंने कहा कि शिव के निराकार रूप के यादगार रूप मे 12 ज्योर्तिलिंगम के रूप में हम भक्ति करते हैं अर्थात शिव ही प्रकाश स्वरूप, ज्योति स्वरूप, निराकार स्वरूप है, ज्ञान स्वरुप हैं,हम सब आत्माओं के परमपिता हैं, सहज राजयोग का ज्ञान देते हैं, जिससे हमारे अंदर के अंधकार समाप्त हो जाते हैं,जब आत्मा में पांच विकार रूपी ग्रहण लग जाता है तब आत्माओं को पावन बनाने का सहज राजयोग का ज्ञान देते हैं, उसी के यादगार में हम शिवरात्रि मनाते हैं।